कैग की रिपोर्ट में हुआ अंत्येष्ठी-अनुग्रह और विवाह सहायता राशि में फर्जीवाड़े का खुलासा

अंत्येष्ठी - अनुग्रह सहायता का भुगतान अपात्रों को कर दिया

सच प्रतिनिधि || भोपाल

राजधानी में यूं तो आपने कई तरह के अनुदान लेने वाली संस्थाओं के फर्जीवाड़ें देखे होंगे। लेकिन मरने के बाद व्यक्ति के क्रियाकर्म की राशी में गोलमाल अब तक के सभी घोटालों को बौना साबित कर रहा है। अंत्येष्ठी की राशि डकारने की हिमाकत प्रदेश की राजधानी में नगर निगम ने की है। इसका खुलासा भी खुद भारत के नियंत्रक एवं महालेखाकापरीक्षण (कैग) की रिपोर्ट से उजागर हुआ है।

लेकिन कैग के रिपोर्ट से चला कि अंत्येष्ठी-अनुग्रह के142 ऐसे प्रकरण नगर निगम भोपाल के थे जिनमें नगर निगम आयुक्त द्वारा 52 बैंक खाते जो कर्मकारों और उत्तराधिकारियों के नहीं थे, उनमें 1 करोड़ 68 लाख रुपए का भुगतान नियम विरुद्ध कर दिया गया। यही नहीं अधिकारियों ने दी गई सहायता दावेदारों की वास्तविकता एवं उनके बैंक खाते के विवरण और मूल बैंक पासबुक सत्यापित किए जाने की झूठी जानकारी बनाई।

भोपाल के 86 प्रकरणों में 1 करोड़ 46 लाख किए ट्रांसफर

बता दें, अनुग्रह सहायता के अंतर्गत मृत्यु पर अंत्येष्ठी सहायेता एवं अनुगह सहायता पंजीकृत कर्मकार के उत्तारिधारी को प्रदान किया जाने का प्रावधान है। अनुग्रह सहायता के लिए पंजीकृत कर्मकार के पात्र नाम निर्देशिती द्वारा पदाभिहित अधिकारियों को निर्धारित प्रारूप में आवेदन जमा करना आवश्यक था। पदाभिहित अधिकारी आवेदक की सत्यापन की जांच उपरांत आवेदन को स्वीकृत कर पंजीकृत कर्मकार के उत्तराधिकारी के बैंख खाते में अंत्येष्ठी सहायता एवं अनुग्रह सहायता की राशि भगुतान किए जाने का प्रावधान है। योजना अंतर्गत कर्मकार की सामान्य मृत्यु होने पर परिवार के सदस्य को 45 वर्ष की कम उम्र होने पर 2 लाख रुपए, 45 वर्ष से अधिक होने पर एक लाख रुपए एवं आगे की दुर्घटना मृत्यु के प्रकरण में 4 लाख रुपए की राशि देने का प्रावधान है। भोपाल के अलावा जबलपुर नगर निगम में भी इसी तरह का घोटाला सामने आया है।

विवाह सहायता में फर्जी भुगतान

राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही है विवाह सहायता योजना में भी अधिकारियों ने जमकर सरकारी खजाने की बंदरबाट की जा रही है। कैग की रिपोर्ट में पताचला कि 86 प्रकरणों में से 41 प्रकरणों के बैंक खाते जो पंजीकृत नहीं थे उनमें 38 लाख 92 हजार रुपए की राशि नियम विरूद्ध जमा करा दी गई है। यह हेरफेरी नगर निगम भोपाल और जबलपुर में ज्यादा गई। 28 खाते भोपाल निगम के थे जिनमें 16 खातों में 14 लाख 28 हजार रुपए का भुगतान किया गया जबकि जबलपुर नगर निगम के तीन खातों में पांच लाख रुपए का भुगतान किया गया।

सालभर बाद भी नहीं दिख रही 250 से ज्यादा सिटी बसें चलने की उम्मीद

डिपो से बाहर नहीं निकलने दे रहे 149 बसों को ऑपरेटर

सच प्रतिनिधि || भोपाल

राजधानी में एक साल से ज्यादा समय बाद भी 250 से ज्यादा सिटी बसें चलने की उम्मीद नहीं दिख रही है। अभी भोपाल के यात्रियों को इसके लिए और इंतजार करना पड़ेगा। राजधानी भोपाल में 368 में से सिर्फ 111 बसें ही चल पा रही हैं। उसमें भी 20 बसें किसी न किसी कारण से मेंटेनेंस को लेकर वर्कशाप में खड़ी रहती हैं। जबकि 149 बसों को ऑपरेटर डिपो से बाहर नहीं निकलने दे रहे हैं। इन ऑपरेटरों के अनुसार पहले उन्हें पिछले बकाया करीब दो करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया जाए, उसके बाद सिटी बसें सड़कों पर दौड़ेंगी। वहीं निगम अधिकारियों के अनुसार बसों के संचालन में काफी घाटा हो रहा है। इसलिए शासन को पत्र लिखकर सहयोग मांगा गया है।

बस बंद होने से शहर में बढ़े ऑटो

सिटी बसों के न चलने से भोपाल में डेढ़ हजार नए आटो चलने लगे हैं, जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। वहीं किराया भी दो से तीन गुना अधिक देना पड़ रहा है और दुर्घटना का भी डर बना रहता है। इस संबंध में बस ऑपरेटरों के अनुसार बीसीएलल कंपनी कोई प्रयास ही नहीं कर रही कि बसों का संचालन हो। यही कारण है कि पुराना बकाया भुगतान रोकने के अलावा टिकिट कलेक्शन कंपनी नहीं ढूंढ पा रही।

इन रूटों में यात्री हो रहे है परेशान

बसों के संचालन में व्यवधान की असली वजह टिकट एजेंसी चलो एप ने प्रति किलोमीटर दी जाने वाली राशि घटाने की मांग की है। इसका विरोध बस ऑपरेटर मां एसोसिएट द्वारा किया गया। इस कारण न तो टिकिट कलेक्शन हो पा रहे हैं और न ही बसों का संचालन। शहर के 115, 113, 116, 205, 204, 208, एसआर 8, टीआर 1, 311 और 106 रूट पर बसों के नहीं चलने से रोजाना एक लाख से अधिक यात्री प्रभावित हो रहे हैं।

19 और 20 को मनेगा बहाई नव वर्ष का उत्सव नवरोज

सच प्रतिनिधि || भोपाल

बहाई उपवास के 17वें दिन बहाई भवन इंदपुरी में हुई बैठक में निर्णय लिया गया की 19 दिवसीय उपवास की समाप्ति के साथ बहाई नव वर्ष 182 का उत्सव नवरोज का मुख्य आयोजन बहाई भवन इंदपुरी में सामूहिक रूप से 19 मार्च की शाम 6:30 बजे से मनाया जायेगा एवं अगले दिन 20 मार्च को अनुयायीगण अपने अपने घरों-मोहल्लों में बड़े ही हर्ष व उल्लास के साथ नव वर्ष का उत्सव मनाएंगे, जिसमें मुख्य रूप से मिनाल रेसीडेंसी, अयोध्या नगर ,अवधपुरी,खजूरीकला, करोंद, आनंदनगर, कोकता, दनिशनगर के अलावा आसपास के गांव पड़रिया, डगरोली, बिलखेरिया आदि में भी मनाया जायेगा। नवरोज के आयोजन में मुख्यरूप से मानवजाति के कल्याण व सुख समृद्धि के लिए विशेष प्रार्थनाओं के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। उक्त जानकारी एस एन पटेल, सचिव, स्थानीय बहाई आध्यात्मिक सभा भोपाल ने जारी बयान में दी।

भेल भोपाल में आकार ले रहे 30 हजार एमवीए के ट्रांसफार्मर

भोपाल। बीएचईएल भोपाल यूनिट का एक सपना था कि वह जल्द ही 30 हजार एमवीए के ट्रांसफार्मर बनाएगा। पिछले तीन वित्तीय वर्ष से भेल दिल्ली कॉरपोरेट इस विभाग को 30 हजार एमवीए ट्रांसफार्मर बनाने का टारगेट भी देता रहा, लेकिन इस बार भेल के मुखिया और विभाग के अधिकारियों ने कसम खाकर ठान ली है कि इस बार इस सपने को पूरा करना है। सूत्रों के अनुसार इसके चलते विभाग ने न केवल 30 हजार से ज्यादा एमवीए का सपना साकार कर दिया बल्कि उससे ज्यादा ही एमवीए बनाने की कोशिश की जा रही है। यही नहीं विभाग ने इतिहास रचते हुए इस बार 1000 से ज्यादा का उत्पादन भी कर दिखाया है। पिछले वित्तीय वर्ष में विभाग सिर्फ80 ट्रांसफार्मर ही बना पाया था जबकि इस वित्तीय वर्ष में 100 ट्रांसफार्मर बनाने में लग गया है।

टाटा-एचसीसी बनाएगी 7 अंडर ग्राउंड स्टेशन, 2191 करोड़ की परियोजना

सच प्रतिनिधि || भोपाल

अंडरग्राउंड मेट्रो के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए 2191 करोड़ रुपए के टेंडर को हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड और टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड मिलकर पूरा करेंगे। यह टेंडर 8.65 किलोमीटर लंबे भूमिगत गलियारे और 7 अंडरग्राउंड स्टेशनों के निर्माण के लिए दिया गया है।

एचसीसी की इस संयुक्त परियोजना में 55 फीसदी हिस्सेदारी होगी। कंपनी इस प्रोजेक्ट के तहत 11.32 किलोमीटर लंबी सुरंग तैयार करेगी, जिसमें इंदौर रेलवे स्टेशन, राजवाड़ा, छोटा गणपति, बड़ा गणपति, रामचंद्र नगर, बीएसएफ,कलानी नगर और एयरपोर्ट जैसे 7 महत्वपूर्ण स्टेशन शामिल होंगे। यह कॉरिडोर इंदौर रेलवे स्टेशन के पूर्वी हिस्से को एयरपोर्ट स्टेशन के पश्चिमी हिस्से से जोड़ेगा। इंदौर मेट्रो परियोजना की शुरुआत 19 अगस्त 2019 को दिल्ली में एमओयू साइन होने के साथ हुई थी। 14 सितंबर 2019 को कमलनाथ सरकार ने इसका भूमिपूजन किया। इसके लिए भोपाल और इंदौर मेट्रो को कुल 7500.08 करोड़ रुपए का बजट मिला था, जिसमें से 6941.4 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए थे। अब तक 31.55 किलोमीटर के रूट में से 5.05 किलोमीटर रूट का टेंडर और वर्क ऑर्डर जारी किया जा चुका है। पहले चरण में 5.29 किलोमीटर ट्रैक को 27 महीनों में पूरा करने का लक्ष्य था।

भोपाल मेट्रो

- पहला रूट -एम्स से कठौंद तक 16.05 किमी लंबा, 6.22 किमी का प्रायोरिटी कॉरिडोर एम्स से सुभाष नगर।
- पांच स्टेशन -सुभाषनगर, केंद्रीय स्कूल, एमपी नगर, बोर्ड ऑफिस चौराहा, रानी कमलापति) तैयार।
- तीन स्टेशन -एम्स, अलकापुरी, डीआरएम ऑफिस निर्माणाधीन, सिग्नल लगाने का वर्क जारी।
- ऐसा होगा मेट्रो का कोच- हर कोच में आमने-सामने बैठने की लंबी सीटें, 45 से अधिक यात्री बैठ सकेंगे, ऑटोमैटिक दरवाजे, 350 यात्री क्षमता, 300 यात्री खड़े होकर सफर कर सकेंगे, मोबाइल चार्जिंग के लिए पर्याप्त पॉइंट्स।

भोपाल मेट्रो स्टेशन

ऑरेंज लाइन में कुल 16 स्टेशन, प्रायोरिटी कॉरिडोर सुभाष नगर से एम्स के बीच 8 स्टेशन, भूमिगत स्टेशन भोपाल रेलवे स्टेशन, नादरा बस स्टैंड।

कांग्रेस नेता मुनव्वर ने कराया रोजा इफ्तार

सच प्रतिनिधि || भोपाल

कांग्रेस नेता मुनव्वर कौसर द्वारा रोज़ा अफ्तार का आयोजन लेक व्यू गार्डन कोहेफिज़ा भोपाल में किया। रमज़ान के मुबारक मौक़े पर कौसर द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रोज़ा इफ्तार का आयोजन कराया गया। वह लगातार 36 वर्षों से रोज़ा इफ्तार का आयोजन कराते आ रहे हैं। यह कार्यक्रम गंगा.जमना तहज़ीब हिंदु.मुस्लिम भाईचारे का प्रतीक है। इस कार्यक्रम में हजारों की तादाद में सभी वर्ग के लोग शामिल हुए। कौसर ने आये सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, काज़ी अमानउल्लाह खान, हाफिज़ सग़ीर, पूर्व उपाध्यक्ष मप्र कांगेंस कमेटी आभा सिंह, पूर्व विधायक पीसी शर्मा , पूर्व विधायक कुणाल चौधरी, अरुण श्रीवास्तव, आसिफ जकी, सैयद साजिद अली आदि रोज़ा अफ्तार कार्यक्रम में शरीक हुए अंत में कौसर ने सभी अतिथियों का तहे दिल से शुक्रिया अदा किया।

जिम्मेदार अफसरों की उदासीनता से रहवासियों में बढ़ रही नाराजगी

अयोध्या नगर जे- सेक्टर में सड़क पर बना दिए स्पीड ब्रेकर और पटरी पर गार्डन

सच प्रतिनिधि || भोपाल

अयोध्या नगर अयोध्या नगर के नगर निगम जोन16 के वार्ड 68 के रहवासी कॉलोनी के दबंगों से जमकर परेशान हो रहे हैं। आलम यह है कि एक ओर जहां कॉलोनी की सड़कों में अतिक्रमण फैल रहा है, वहीं दूसरी रहा ओर जगह-जगह सीवेज का गंदा पानी सड़कों पर बहाया जा रहा है। इतना ही नहीं रहवासी भी मनमानी तरीके से स्पीड ब्रेकर बना दिए है जिसके चलते वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रहवासियों ने बताया कि कॉलोनी की समस्याओं को लेकर नगर निगम के वार्ड और जोनल अधिकारियों से कई बार शिकायतें की गई है किंतु राहत अभी तक नहीं मिल पाई है। इस मामले में स्थानीय जनप्रतिनिधि भी नदारद साबित हो रहे हैं। जबकि यदि वे सक्रियता दिखाते तो एक ओर जहां कॉलोनी में पैर पसार रहे अतिक्रमण पर अंकुश लगता। वही दूसरी ओर इस कॉलोनी की सर्विस रोड से चालकों को आवागमन करने में सहुलियत मिलती।

स्थानीय जिम्मेदारों की लापरवाही

स्थानीयों के मुताबिक अयोध्या नगर के वार्ड-68 में इन दिनों कुछ लोग नगर निगम के नियमों को धता बताते हुए सड़क पर अतिक्रमण और ब्रेकर सहित और अन्य निर्माण कार्य कर रहे हैं। इससे कॉलोनीवासियों को आवाजाही करने में परेशानी हो रही है। अयोध्या नगर के जे सेक्टर में कई लोगों ने मनमाने ढंग से मुख्य सड़क पर गार्डन और ब्रेकर बना दिए हैं। जब पड़ोसियों द्वारा इसकी आपत्ति की गई तो दबंग नोकझोंक और विवाद पर उतारू हो गए। जबकि सच्चाई यह है कि उक्त निर्माण से बारिश का सारा पानी रहवासियों के घर में घुसेगा। ऐसे में आसपास के रहवासियों को आवाजाही करने में परेशानी झेलने का सिलसिला जारी रहेगा।

> कॉलोनी की सड़कों में जगह.जगह अतिक्रमण पसरा हुआ हैए सड़क की पटरी पर पौंधरोपण किया जा रहा है। इतना ही नहीं दबंगों द्वारा मनमानी तरीके से स्पीड ब्रेकर भी बनाए जा रहे हैं जिससे स्थानीयों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।
>
> » विनोबानंद झा, रहवासी
>
> कॉलोनी की समस्याओं का जल्द समाधान कराया जाना चाहिए, जिससे रहवासियों को राहत मिल सकेए अभी जिम्मेदारों की अनदेखी की वजह से परेशानी झेलनी पड़ रही है।
>
> » गृहदास गुप्ता, रहवासी
>
> मनमानी तरीके से स्पीड ब्रेकर बनाए जाने से वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। दिन में तो यह समस्या थुड़ा हद तक ठीक रहती है, लेकिन देर शाम होने पर परेशानी बढ़ जाती है।
>
> » सुरेश वर्मा, रहवासी

विश्व जल दिवस 22 को

जल ही जीवन है, प्रकृति व शरीर में जल तत्व का संतुलन आवश्यक रूप से होना चाहिए : अग्रवाल

भोपाल। आदर्श योग आध्यात्मिक केन्द्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड़ भोपाल के योग गुरु महेश अग्रवाल ने बताया कि विश्व जल दिवस 22 मार्च को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य विश्व के सभी देशों में स्वच्छ एवं सुरक्षित पीने योग्य जल की उपलब्धता सुनिश्चित करवाना है साथ ही जल संरक्षण के महत्व पर भी ध्यान केंद्रित करना है। विश्व जल दिवस की इस साल की थीम ग्लेशियर संरक्षण है, जिसमें जलवायु प्रणाली और जल चक्र में बर्फ हिम और ग्लेशियरों के महत्व और पृथ्वी के क्रायोस्फीयर में इन परिवर्तनों के सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय परिणामों पर जोर दिया गया है। योग गुरु अग्रवाल ने बताया कि पानी का रिश्ता बड़ा घनिष्ठ और स्थाई होता है. जीते जी भी वह मनुष्य से रिश्ता निभाता है और जीने के बाद भी क्योंकि मृत्यु के बाद भी बिना जल के मोक्ष प्राप्त नहीं होता। जल प्रकृति की अनुपम सौगात है जिसकी व्याप्ति नभ से लेकर पाताल तक मानी गई है। आज यदि हम सिर्फजल की बात करें तो इसका व्यावहारिक महत्व भी उतना ही अधिक है जितना आध्यात्मिक। जल हमारा प्राणरक्षक है। जल से प्रारंभ है और प्रारब्ध भी। जल न केवल जीवन धारण करता है बल्कि स्वयं जीवन भी हैं। एक वयस्क आदमी के शरीर में लगभग 70 प्रतिशत पानी अर्थात् 38 से 40 लीटर तक पानी होता है जो मांसपेशियों और रक्त में मिलता है। शरीर में पानी की कमी से हमें थकान महसूस हो सकती है।

मध्य प्रदेश राजपूत समाज का होली मिलन समारोह कल

सच प्रतिनिधि || भोपाल

मध्य प्रदेश राजपूत समाज संस्था द्वारा बुधवार 19 मार्च को संस्था के चार इमली स्थित, महाराणा प्रताप भवन पर रंग पंचमी के शुभ अवसर पर समाज का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया है।

उक्त जानकारी देते हुए समाज के अतिरिक्त महासचिव ऋतुराज सिंह परमार ने बताया कि इस बार भी पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए सुबह 10: 30 बजे से सिर्फ फूलों और हर्बल अमीर गुलाल से सूखी होली खेली जाएगी। इसके साथ ही समारोह में उपस्थित सभी सामाजिक बंधुओ के लिए लिट्टी चोखा, ठंडाई एवं अन्य स्वादिष्ट व्यंजनों की व्यवस्था की गई है। संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह सोलंकी ने बताया कि इस वर्ष के आयोजन में होली के गीत संगीत के अलावा समाज की कई उभरती हुई प्रतिभाएं अपने हास्य व्यंग्य की रचनाओं का काव्य पाठ करेंगी साथ ही होली के अवसर पर गाए जाने वाले फाग गायन की प्रस्तुति की जायेगी। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष लेफ्टिनेंट विनय भदोरिया, कार्यकारी अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह सोलंकी, महिला प्रकोष्ठ की डॉक्टर अनीता भदोरिया, अनीता कुशवाह, कल्पना भाटी, ज्योति चौहान इत्यादि ने सभी सामाजिक बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में इस पारिवारिक होली मिलन समारोह में शामिल होने की अपील की है।

की संचालिका श्रीमती चंचल सिंह द्वारा आज होली मिलन का कार्यक्रम किया गया स जिसमें की मुख्य अतिथि श्रीमती संगीता रामेश्वर शर्मा जीए वार्ड 81 की पार्षद श्रीमती बबीता डोंगरेजीए वार्ड 80 की पार्षद श्रीमती सुनीता गुड्डू भदोरिया जीए दीदी ममता राय जीए दीदी प्रीति पांडे जी एवं सभी बहने कार्यक्रम में शामिल हुई।

महिलाओं ने मनाया होली मिलन

भोपाल। वोमन्स पावर ग्रुप की संचालिका श्रीमती चंचल सिंह द्वारा कोलार में होली मिलन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि श्रीमती संगीता रामेश्वर शर्मा, पार्षद श्रीमती बबीता डोंगरे, पार्षद श्रीमती सुनीता गुड्डू, भदोरिया, ममता राय,प्रीति पांडे सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई।

बीएचईएल भोपाल यूनिट में वित्त प्रमुखों और सांविधिक लेखा परीक्षकों की संयुक्त बैठक

भोपाल। बीएचईएल, भोपाल यूनिट में विभिन्न बीएचईएल इकाइयों के वित्त प्रमुखों और सांविधिक लेखा परीक्षकों की एक संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। आरके द्विवेदी, निदेशक ;वित्त बीएचईएल ने इस बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर एसएम रामनाथन, कार्यपालक निदेशक, बीएचईएल भोपाल भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में भोपाल हरिद्वार, त्रिची, हैदराबाद और कॉर्पोरेट कार्यालय के वित्त प्रमुख के साथ-साथ दो केंद्रीय लेखा परीक्षक और पांच शाखा लेखा परीक्षक भी शामिल थे। इसके अलावा अन्य बीएचईएल इकाइयों के वित्त प्रमुख वचुंअल रूप से इस बैठक में शामिल हुए। श्री द्विवेदी ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए सत्र की शुरुआत की और कहा कि बीएचईएल वित्तीय विवरणों की प्रस्तुति और तैयारी में सर्वोत्तम प्रथाओं का पालन करता है और वित्तीय रिपोर्टिंग 2023.24 में उत्कृष्टता के लिए प्रतिष्ठित आईसीएआई पुरस्कार प्राप्त करने पर उन्होंने सभी को बधाई दी। सत्र के दौरानए समापन प्रक्रिया से संबंधित कई मुद्दों पर विचार.विमर्श किया गया। केंद्रीय लेखा परीक्षकों ने सभी इकाइयों में एक सुचारू और सुसंगत लेखा परीक्षा प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए शाखा लेखा परीक्षकों के साथ अपनी अपेक्षाएं और प्रमुख फोकस क्षेत्रों को साझा किया। बैठक के अंत में पवन कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक ;वित्त बीएचईएल भोपाल ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की।